बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 206/2024

माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2024 (प्रथम) का प्रवेश पत्र निर्गत करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा समिति की विज्ञप्ति संख्या– पी०आर० 172/2024 के क्रम में माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2024 (प्रथम) के पेपर–II में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों, सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचित किया जाता है कि माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2024 (प्रथम) के पेपर–II की परीक्षा **दिनांक 11.06.2024 से 19.06.2024 तक** दो पालियों में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर Computer Based Test (CBT) के माध्यम से आयोजित होगी।

2. उक्त परीक्षा **का प्रवेश पत्र दिनांक 05.06.2024 को समिति की वेबसाईट http://secondary.biharboardonline.com पर अपलोड कर दिया जाएगा।** संबंधित अभ्यर्थी अपने यूजर आई0डी0 के रूप में Application No. एवं पासवर्ड के रूप में अपनी जन्मतिथि (dd-mm-yyyy) का उपयोग कर समिति के उक्त वेबसाईट से अपना मूल प्रवेश पत्र डाउनलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

3. सारण जिला में दिनांक 22.05.2024 से 26.05.2024 तक स्थगित की गयी उक्त परीक्षा दिनांक 09.06.2024 को पटना जिला मुख्यालय में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा का प्रवेश पत्र दिनांक 03.06.2024 को समिति के उक्त वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जाएगा। संबंधित अभ्यर्थी समिति की वेबसाईट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

4. विज्ञप्ति संख्या– पी०आर० 172/2024 के शेष अंश यथावत् रहेंगे।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)